राजस्थान पत्रिका, पेज नंबर :- 02, अहमदाबाद प्राइम

दिनांक :- 22/02/2026


मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने मेट्रो ट्रेन में किया सफर, गांधीनगर रेलवे स्टेशन, दांडी कुटीर, अक्षरधाम मंदिर तक का सफर होगा आसान

# पीएम मोदी ने दी सचिवालय से महात्मा मंदिर तक मेट्रो ट्रेन की सौगात

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर सचिवालय से महात्मा मंदिर तक मेट्रो कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन सेवा की सौगात दी। गांधीनगर में महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन से अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो रेल सेवा के अंतिम चरण का उद्घाटन किया। यह मेट्रो मार्ग सचिवालय और महात्मा मंदिर को जोड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने महात्मा मंदिर से पुराने सचिवालय तक मेट्रो में सफर किया। मेट्रो में सफर कर रहे आम नागरिकों और विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री ने सहज संवाद भी किया और मेट्रो सेवा के संबंध में उनके अनुभव और प्रतिक्रियाएं जानी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर स्टेशन पर सचिवालय से महात्मा मंदिर तक मेट्रो मार्ग का हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी उपस्थित रहे।

**पांच मेट्रो स्टेशनों का भी उद्घाटन :** मेट्रो के इस अंतिम कॉरिडोर के तहत पांच नए मेट्रो स्टेशनों का भी उद्घाटन किया गया, इसमें अक्षरधाम, पुराना सचिवालय, सेक्टर-16, सेक्टर-24 और महात्मा मंदिर स्टेशन शामिल हैं। महात्मा मंदिर इस मार्ग का टर्मिनल स्टेशन है, जो अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो फेज-2 का हिस्सा है। 5.36 किलोमीटर के इस विस्तार से अक्षरधाम मंदिर और दांडी कुटीर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक मेट्रो कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस मार्ग पर कई ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं, जिसमें पहला ट्रायल पिछले वर्ष अक्टूबर में विजयादशमी के अवसर पर हुआ था। गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की ओर से विकसित यह कॉरिडोर अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क का हिस्सा है, जो अब 68 किलोमीटर में 54 स्टेशनों तक फैला होगा। इस विस्तार का उद्देश्य हजारों दैनिक यात्रियों को तेज, किफायती और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।

नया मेट्रो मार्ग गांधीनगर के लगभग 20 सेक्टरों और आसपास के तीन गांवों के निवासियों को सीधे लाभ पहुंचाएगा। साथ ही, पुराने सचिवालय परिसर और सेक्टर-16 में स्थित करीब 60 सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी रोजाना की यात्रा काफी आसान हो जाएगी।

**आज वस्त्राल से शाहपुर तक ही चलेगी मेट्रो ट्रेन :** सोमवार को पूर्व-पश्चिम लाइन पर मेट्रो सेवाएं सुबह 9.45 से 11:00 बजे तक शाहपुर से ओल्ड हाई कोर्ट के बीच उपलब्ध नहीं रहेंगी। इस अवधि के दौरान, वस्त्राल गांव से थलतेज गांव पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं वस्त्राल गांव मेट्रो स्टेशन से शाहपुर मेट्रो स्टेशन के बीच तथा ओल्ड हाई कोर्ट इंटरचेंज से थलतेज गांव मेट्रो स्टेशन के बीच ही सुचारू रूप से चलती रहेंगी। वहीं उत्तर-दक्षिण लाइन एपीएमसी से मोटेरा स्टेडियम और गांधी नगर पर मेट्रो ट्रेनें पूर्ववत निर्धारित समयानुसार संचालित होती रहेंगी।

## सीएम और उपमुख्यमंत्री ने किया मेट्रो में सफर



मेट्रो ट्रेन में सफर करते मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी।